हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा विधान सभा की मेजबानी में 8 से 10 जून तक आयोजित होने वाले भारतीय क्षेत्र के उत्तरी जोन-2 के राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कल विभिन्न राज्यों के विधान मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस में सम्मेलन से संबंधित व्यवस्थाओं, प्रतिनिधियों के आगमन तथा विभिन्न प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

हरियाणा विधान सभा के सचिव राजीव प्रसाद तथा हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष के सलाहकार राम नारायण यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण के संदेश को सभी विधान मंडलों तक पहुंचाया। इस दौरान लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार तथा राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अलग अलग राज्यों की विधान सभा के प्रधान सचिव, सचिव, व वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के आगमन, आवास, यातायात, प्रोटोकॉल, सुरक्षा तथा कार्यक्रम स्थलों पर की जा रही व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधिमंडलों की सुविधा और तालमेल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

हरियाणा विधान सभा सचिवालय की ओर से सम्मेलन की तैयारियों की जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण और महिला छात्रावास का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया। इसके साथ ही सभी गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों व आम नागरिकों ने भी लगभग 101 पौधे रोपित किए। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र कम बहूद्देशीय हॉल का उद्घाटन किया और करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बहुमंजिला महिला छात्रावास का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर  मुख्यमंत्री ने आयुष युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के वजीफे में जल्द वृद्धि करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का गीत जारी किया, विश्वविद्यालय की रिसर्च जनरल, पीएचडी शोध कार्य से संबंधित शोध गंगा पोर्टल सहित दो पुस्तकों का विमोचन भी किया।

---

जींद स्थित चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। पत्रकारों से विशेष बातचीत में प्रो. रामपाल सैनी ने अपनी प्राथमिकताओं को लेकर कहा –

---

भालौट एवं झज्जर उप नहर के पुनर्निर्माण कार्य को लेकर लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया है।हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि किसानों, ग्रामीणों और नहर विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार संवाद एवं सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप सभी पक्षों के बीच महत्वपूर्ण सहमति बनी है, जिससे अब दोनों नहरों के पुनर्निर्माण कार्य को दोबारा गति मिलेगी।

श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा करते हुए सिंचाई □ांचे को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य की सफलता तभी संभव है जब उसमें स्थानीय लोगों की भावनाओं, सुझावों और आवश्यकताओं का सम्मान किया जाए। इसी सोच के तहत किसानों की चिंताओं को गंभीरता से सुना गया और सभी पक्षों को साथ लेकर समाधान का रास्ता निकाला गया।

गौरतलब है कि भालोट एवं झज्जर सब ब्रांच से जुड़े अनेक गांवों के किसानों और ग्रामीणों ने नहर के तल को पूरी तरह सीमेंट-कंक्रीट से पक्का किए जाने पर आपत्ति जताई थी। किसानों का कहना था कि ऐसा होने से भूजल पुनर्भरण प्रभावित हो सकता है तथा क्षेत्र के जल संतुलन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों की इन आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए नहर विभाग ने विभिन्न तकनीकी विकल्पों पर विचार-विमर्श किया और लगातार संवाद की प्रक्रिया जारी रखी।

---

फिट इंडिया  फिट हरियाणा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पलवल में पहली बार ‘साइकिल ऑन संडे’ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कल आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

----------------------------------------------------------------------------------------------------